यूपी में 15573 करोड़ से बनेंगे हाईवे

कानपुर, बाराबंकी और बहराइच समेत कई जिलों की राह होगी आसान

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में जल्द ही 15573 करोड़ रुपये की नई हाईवे परियोजनाएं जमीन पर उतरने जा रही हैं। इससे कानपुर, बाराबंकी, बहराइच, अलीगढ़, आगरा, मथुरा और बरेली समेत कई जिलों की राह आसान होगी। इनमें चार परियोजनाओं की वित्तीय बिड खुल चुकी हैं, जबकि पांच परियोजनाओं के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो रही है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार, बरेली के 4-6 लेन दक्षिणी बाईपास के लिए डीपीआर तैयार हो रही है। इसकी लंबाई 30 किमी होगी और अनुमानित लागत 2000 करोड़ रुपये है। इसी तरह से कबरई-कानपुर को फोरलेन करने के लिए भी विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इनकी लागत 3900 करोड़ रुपये है।

इसके अलावा कानपुर रिंग रोड फेज-2 और मथुरा-हाथरस-बदायूं-बरेली फोरलेन (पैकेज-4) के लिए वित्तीय बिड खुल चुकी हैं। एनएच-93 के आगरा-अलीगढ़ के 28 किमी लंबे पैकेज-1 और इसी हाईवे के 36.9 किमी लंबे पैकेज-2 के लिए भी वित्तीय बिड की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिन चार परियोजनाओं की बिड खुल चुकी हैं, उनकी कुल लागत 5324 करोड़ रुपये है।

04 परियोजनाओं की वित्तीय बिड खुली, पांच की तैयार हो रही डीपीआर

दो हिस्सों में बनेगा बाराबंकी से जरवल मार्ग, लागत 2300 करोड़

बाराबंकी-जरवल (पैकेज-1) मार्ग के लिए भी विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इनकी लागत 1550 करोड़ रुपये है। पैकेज-1 करीब 35.7 किमी लंबा होगा।

- बाराबंकी-जरवल मार्ग के पैकेज-2 में घाघरा नदी पर फोरलेन ब्रिज और आरओबी (रेलवे उपरिगामी सेतु) बनेगा। 7.3 किमी लंबी इस परियोजना पर 750 करोड़ रुपये खर्च होंगे। जरवल से बहराइच के बीच 58.4 किमी सड़क निर्माण के लिए भी डीपीआर तैयार हो रही है। इसकी लागत 2050 करोड़ रुपये आंकी गई है।

जुलाई तक पूरा हो जाएगा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे

- एनएचएआई ने अपनी कई सड़कों को पूरा करने के लिए टाइमलाइन भी जारी कर दी है। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पैकेज-दो मई 2025 में और पैकेज-1 जुलाई 2025 में पूरा हो जाएगा। अयोध्या बाईपास को फोरलेन करने का काम भी मार्च में पूरा हो जाएगा।
- हरदोई बाईपास के निर्माण का काम इसी साल जुलाई महीने में पूरा कर लिया जाएगा। छह लेन के आगरा बाईपास (एनच-2) और आगरा इनर रिंग रोड का काम भी आगामी 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
- मथुरा-हाथरस-बदायूं-बरेली हाईवे का पैकेज-1 19 मार्च और बरेली-सीतापुर रोड का शेष का काम 31 मार्च तक पूरा करने की तिथि तय की गई है।

गोरखपुर-पिपराइच मार्ग का संशोधित एस्टीमेट मंजूर

लखनऊ। गोरखपुर में गोरखपुर-पिपराइच मार्ग को फोरलेन किए जाने के संशोधित एस्टीमेट को मंजूरी दे दी गई है। यह सड़क 19.485 किमी. लंबी है। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस सड़क के संशोधित एस्टीमेट को स्वीकृति मिली है। ब्यूरो